CIN: U85306JH2023NPL021760
Regd. No.:- 021760

# STREMAX FOUNDATION

Registered Office - Bharat Mata Chowk, Near Konnar Pool, Hazaribag - 825301, Jharkhand

# STREMAX STATE SCHOLARSHIP EXAM (SSSE) - 2026

**"867 प्रतिभागियों के बीच दो हजार से लेकर एक लाख की छात्रवृत्ति का वितरण"**
**"7500 प्रतिभागियों के बीच स्कूल बैग का वितरण"**
**"30000 प्रतिभागियों के बीच मेडल और प्रशस्ती पत्र का वितरण"**
**"75 टॉपर संस्थानों के बीच कंप्यूटर का वितरण"**

**प्रतिभागी** - झारखण्ड में अध्ययनरत् **Class 3 to 12** के विद्यार्थी।

**ग्रुप** - ग्रुप- A में **Class 3 to 5** एवं ग्रुप- B में **Class 6 to 8** तथा ग्रुप- C में **Class 9 to 12**
(प्रश्न पत्र **Class** वाइज होगें, परन्तु रिजल्ट ग्रुप वाइज जारी होगें)।

| क्र. सं. | टॉपर का स्तर | छात्रवृत्ति | प्रतिभगियों की संख्या | विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1 | राज्य स्तर | एक लाख | 3 | राज्य स्तर पर तीनों ग्रुपों के टॉपर को |
| 2 | जिला स्तर | पाँच हजार | 3x24=72 | जिला स्तर पर तीनों ग्रुपों के टॉपर को |
| 3 | प्रखण्ड स्तर | दो हजार | 3x264=792 | प्रखण्ड स्तर पर तीनों ग्रुपों के टॉपर को |
| 4 | संस्थान स्तर | बैग | 7500 | संस्थान स्तर पर तीनों ग्रुपों के टॉपर को |

**सांत्वना पुरस्कार** परीक्षा में 33% या इससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले सभी प्रतिभागियों को मेड्ल और प्रशस्ती पत्र देकर पुरस्कृत किया जायेगा।

**रजिस्ट्रेशन फी.** 200/- रू० प्रतिभागी ।

**ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन** फाउंडेशन के वेबसाइट www.stremaxfoundation.org पर विजिट करें।

**ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन** अपने शिक्षण संस्थान (स्कूल/कॉलेज/कोचिंग एवं ट्यूशन सेंटर) से संपर्क करें या फाउंडेशन के हेल्पलाइन नं. **9525918072** पर **Call** करें।

**सिलेबस** प्रतिभागी जिस **Class** में वर्तमान में अध्ययनरत् है, वहाँ से लेकर उससे नीचे के क्लासों से प्रश्न होंगे। विषय एवं अंक निम्न है:

| क्र. सं. | विषय | प्रश्नों की संख्या | अंक |
|---|---|---|---|
| 1 | हिन्दी भाषा पर आधारित गद्यांश | 10 प्रश्न | 30 अंक |
| 2 | अंग्रेजी भाषा पर आधारित गद्यांश | 10 प्रश्न | 30 अंक |
| 3 | साइंस | 10 प्रश्न | 30 अंक |
| 4 | सोशल साइंस | 10 प्रश्न | 30 अंक |
| 5 | मैथ | 10 प्रश्न | 30 अंक |
| 6 | रिजनिंग | 10 प्रश्न | 30 अंक |

**एडमिट कार्ड** **5** सितम्बर से वेबसाइट www.stremaxfoundation.org पर उपलब्ध रहेगा।

**परीक्षा सेंटर** झारखण्ड के सभी जिलों के विभिन्न प्रखण्डों में परीक्षा ऑफलाइन आयोजित होगी। फॉर्म भरने के समय प्रतिभागी अपने सुविधानुसार परीक्षा के लिए प्रखण्ड का चयन करें।

**रजिस्ट्रेशन आरंभ है...**

**रजिस्ट्रेशन के लिए**
**9525918072**
**पर सम्पर्क करें।**

**परीक्षा सितम्बर माह में आयोजित होगी।**

**सिलेबस, मॉडल प्रश्न पत्र एवं प्रतियोगिता से सम्बंधित सभी जानकारी एवं अपडेट्स के लिए YouTube चैनल Stremax Foundation को अवश्य Subscribe करें।**

**विस्तृत बिवरणिका एंव अधिक जानकारी के लिए www.stremaxfoundation.org पर विजिट करें।**

**STREMAX FOUNDATION द्वारा पूर्व में आयोजित प्रतियोगिता 2024 और 2025 की झलकियां।**


1550 विजेता विद्यार्थियों को मिला लैपटॉप एंड्राइड मोबाइल, डिजिटल वॉच और बैग


स्ट्रेमैक्स फाउंडेशन ने विद्यार्थियों के बीच एक लाख की छात्रवृत्ति बांटी



# Stremax State Scholarship Examination (SSSE) - 2026
# (स्ट्रीमैक्स स्टेट स्कॉलरशिप एक्जामिनेशन)

## Prospectus ( विवरणिका )

---

## 1. STREMAX FOUNDATION : एक संक्षिप्त परिचय

**STREMAX FOUNDATION** भारत सरकार के **मिनिस्ट्री ऑफ कॉरपोरेट अफेयर्स** के तहत पंजीकृत एक **सेक्शन-8 (NGO)** संस्था है। दिसंबर 2023 में स्थापित यह संगठन पूर्णतः 'गैर-लाभकारी' (Non-Profit) है और शिक्षा के उत्थान के लिए समर्पित है।

- **संस्थापक:** बिपिन कुमार ( शिक्षाविद एवं लेखक )
- **निदेशक एवं CEO:** पंकज साव

📍 **हमारा मुख्यालय:** भारत माता चौक, नियर कोनार पूल, हजारीबाग, झारखंड।

🎯 **हमारा उद्देश्य:** ग्रामीण एवं पिछड़े क्षेत्रों के बच्चों में प्रतिस्पर्धात्मक भावना जागृत करना और स्कूली शिक्षा से वंचित रह गए विद्यार्थियों को पुनः शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना।

## 🏆 हमारा गौरवशाली सफर एवं उपलब्धियाँ

**स्थापना से अब तक, शिक्षा की मशाल को हमने कुछ इस तरह थामे रखा है:**

- **₹4,00,000 की छात्रवृत्ति:** 4 मेधावी छात्रों को **₹1-1 लाख** की नकद स्कॉलरशिप का वितरण।
- **डिजिटल सशक्तिकरण:**
  - **12+** विद्यार्थियों को **लैपटॉप** प्रदान किए गए।
  - **20** विद्यार्थियों को **टैबलेट (Tab)** प्रदान किए गए।
  - **20** विद्यार्थियों को **एंड्रॉयड मोबाइल** दिए गए।
- **सम्मान एवं प्रोत्साहन:**
  - **5000+** छात्रों को **मेडल एवं प्रशस्ति पत्र** से सम्मानित किया गया।
  - **200+** छात्रों को **स्कूल बैग** का वितरण।
  - **20** छात्रों को **डिजिटल वॉच** प्रदान की गई।
- **मार्गदर्शन:** हजारीबाग, चतरा, कोडरमा, रामगढ़ एवं लातेहार के सैकड़ों संस्थानों में **मोटिवेशनल एवं करियर सेमिनार** का सफल आयोजन।

  (यह आंकड़ा दिसम्बर 2023-2025 तक की है। यह मुहिम जारी है।)

## 2. 📘 स्ट्रीमैक्स राज्य छात्रवृत्ति परीक्षा (SSSE) 2026 : एक परिचय

Stremax State Scholarship Examination (SSSE) केवल एक परीक्षा नहीं, बल्कि झारखंड के मेधावी छात्रों की खोज का एक राज्य स्तरीय महा-अभियान है। हमारा मानना है कि हर छात्र में एक अद्वितीय प्रतिभा होती है, जिसे सही मार्गदर्शन और मंच की आवश्यकता है।

---

### 👁️ हमारा विजन (Our Vision)

"सशक्त छात्र, उज्ज्वल भविष्य" हमारा लक्ष्य छात्रों को केवल स्कूली शिक्षा तक सीमित न रखकर उन्हें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतिस्पर्धात्मक परीक्षाओं (Competitive Exams) के लिए मानसिक और शैक्षणिक रूप से तैयार करना है। हम एक ऐसा वातावरण बनाना चाहते हैं जहाँ हर छात्र अपनी वास्तविक क्षमता को पहचान सके।

### 🚀 हमारा मिशन (Our Mission)

"पहचान, प्रोत्साहन और प्रगति"

- सतत मूल्यांकन: SSSE के माध्यम से छात्रों को उनके ज्ञान का निष्पक्ष और निरंतर मूल्यांकन प्रदान करना।
- आर्थिक सहायता: मेधावी छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान कर उनकी शिक्षा के मार्ग को सुगम बनाना।
- राज्य स्तरीय पहचान: झारखंड के कोने-कोने से प्रतिभाओं को खोजकर उन्हें एक प्रतिष्ठित मंच पर सम्मानित करना।

### 🎯 मुख्य उद्देश्य (Core Objectives)

1. प्रतिस्पर्धा की भावना: छात्रों के भीतर स्वस्थ और सकारात्मक प्रतिस्पर्धा (Healthy Competition) विकसित करना।
2. परीक्षा के लिए तैयारी: भविष्य की बड़ी परीक्षाओं (जैसे IIT-JEE, NEET, UPSC) के लिए अभी से ही आधार तैयार करना।
3. पुरस्कार और सम्मान: छात्रों की कड़ी मेहनत और उनकी शैक्षणिक उत्कृष्टता को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन करना।

## 3. पंजीकरण प्रक्रिया और नियम (Registration & Guidelines)

संस्थानों के लिए अपने विद्यार्थियों को इस परीक्षा में शामिल करने की चरणबद्ध जानकारी नीचे दी गई है:

### A. 🏫 संस्थान का संबद्धता (Affiliation) - अनिवार्य प्रक्रिया

विद्यार्थियों की भागीदारी के लिए शिक्षण संस्थान का **STREMAX FOUNDATION** से जुड़ना अनिवार्य है।

- **प्रक्रिया:** यह पूरी तरह से एक सामान्य कागजी प्रक्रिया है।
- **शुल्क:** संबद्धता (Affiliation) पूरी तरह से **निःशुल्क (FREE)** है।
- **महत्वपूर्ण:** बिना संबद्धता प्राप्त किए, किसी भी संस्थान के विद्यार्थी इस परीक्षा के लिए रजिस्ट्रेशन नहीं कर पाएंगे।

### B. 👥 कौन भाग ले सकता है? (Eligibility)

STREMAX FOUNDATION से संबद्ध संस्थानों के माध्यम से झारखंड के निम्नलिखित छात्र आवेदन कर सकते हैं:

- झारखंड के किसी भी **सरकारी** या **निजी (Private)** स्कूल/कॉलेज के छात्र।
- किसी भी **कोचिंग** या **ट्यूशन सेंटर** में पढ़ने वाले छात्र।
- पात्रता: कक्षा **3 से 12वीं** तक के विद्यार्थी।

**C. 📑 परीक्षा समूह (Exam Groups)**
परीक्षा और परिणाम को पूर्णतः पारदर्शी और निष्पक्ष बनाने के लिए विद्यार्थियों को तीन स्तरों (Groups) में बांटा गया है:

| समूह (Group) | कक्षाएँ (Classes) |
|---|---|
| **ग्रुप A** | कक्षा 3 से 5 |
| **ग्रुप B** | कक्षा 6 से 8 |
| **ग्रुप C** | कक्षा 9 से 12 |

**प्रश्न पत्र क्लास वाइज होंगे,परंतु रिजल्ट ग्रुप वाइज जारी की जाएगी।**

**D. 💳 रजिस्ट्रेशन शुल्क (Registration Fee)** प्रति प्रतिभागियों के लिए रजिस्ट्रेशन शुल्क 200 रु. निर्धारित है।

## 4. रजिस्ट्रेशन-

**A. ऑफलाइन पंजीकरण (संस्थान के माध्यम से) यह सबसे सरल और लोकप्रिय माध्यम है।**

- **प्रक्रिया:** छात्र अपने संबंधित **ट्यूशन, कोचिंग, स्कूल या कॉलेज** से संपर्क कर फॉर्म प्राप्त करें।
- **तुरंत रसीद:** फॉर्म जमा करते ही आपको **'रजिस्ट्रेशन स्लिप'** दी जाएगी।
- **महत्वपूर्ण:** इस स्लिप को संभाल कर रखें, क्योंकि इसमें आपकी परीक्षा से जुड़ी सभी महत्वपूर्ण जानकारिया हैं।

**B. ऑनलाइन पंजीकरण (सीधे वेबसाइट के माध्यम से)**

- फाउंडेशन की आधिकारिक वेबसाइट **www.stremaxfoundation.org** पर जाएँ।
- होमपेज पर दिए गए **'Apply Now'** लिंक पर क्लिक करें।
- दिए गए विवरणों (Details) को ध्यानपूर्वक भरें और सबमिट करें।

## 5. परीक्षा सिलेबस-

परीक्षा में शामिल सभी प्रश्नों का स्तर NCERT पर आधारित होंगे । प्रतिभागी वर्तमान में जिस भी क्लास में अध्ययनरत है उस क्लास से लेकर उससे नीचे के क्लासों से प्रश्न होंगे। प्रश्नपत्र दो खण्ड में विभाजित है।

A - अपठित गद्यांश (20 प्रश्न)

1. हिंदी भाषा पर आधारित एक गद्यांश - 10 प्रश्न (30 अंक)
2. अंग्रेजी भाषा पर आधारित एक गद्यांश - 10 प्रश्न (30 अंक)

खण्ड B - पठित ज्ञान (40 प्रश्न)

3. साइंस - 10 प्रश्न, 30 अंक
4. सोशल साइंस - 10 प्रश्न, 30 अंक
5. गणित - 10 प्रश्न, 30 अंक
6. कंप्यूटर/ रीजनिंग या मेंटल एबिलिटी - 10 प्रश्न, 30 अंक

प्रश्न पत्र को हल करने के लिए कुल 90 मिनट (1:30 घंटे) का समय निर्धारित है। कुल प्रश्न 60 है। प्रत्येक सही उत्तर के लिए 3 अंक दिए जाएंगे वहीं गलत होने पर एक अंक काट लिए जाएंगे

## 6. 📝 परीक्षा की पद्धति (Mode of Examination)

- **माध्यम (Mode):** परीक्षा पूरी तरह से **ऑफलाइन (Offline)** आयोजित की जाएगी।
- **प्रश्नों के प्रकार:** सभी प्रश्न अपठित गद्यांश (Passage) आधारित **वस्तुनिष्ठ (Objective)** एवं **बहु-वैकल्पिक (MCQ)** आधारित होंगे।
- **OMR आधारित:** उत्तर दर्ज करने के लिए आधुनिक **OMR शीट** का उपयोग किया जाएगा।
- **पारदर्शिता (Transparency):** परीक्षा के तुरंत बाद छात्र अपनी **उत्तर-पुस्तिका की कार्बन कॉपी (Carbon Copy)** साथ ले जा सकेंगे, ताकि वे बाद में अपने उत्तरों का मिलान कर सकें।

## 7. 🎫 प्रवेश पत्र (Admit Card) संबंधी जानकारी

**महत्वपूर्ण सूचना:** एडमिट कार्ड केवल **ऑनलाइन माध्यम** से ही प्राप्त किया जा सकेगा।

- **जारी होने की तिथि:** 5 सितंबर 2026
- **डाउनलोड करने की अवधि:** 5 सितंबर से 15 सितंबर 2026 तक
- **आधिकारिक वेबसाइट:** www.stremaxfoundation.org

**नोट:** छात्रों को सलाह दी जाती है कि वे अंतिम तिथि से पहले अपना एडमिट कार्ड डाउनलोड कर उसका प्रिंट ले लें।

## 8. 📍 परीक्षा केंद्र (Examination Centers)

- **विस्तृत नेटवर्क:** यह परीक्षा झारखंड के **सभी जिलों के विभिन्न प्रखंडों (Blocks)** में आयोजित की जाएगी।
- **सुविधाजनक स्थान:** छात्रों की सुविधा के लिए परीक्षा केंद्र प्रखंड स्तर पर बनाए गए हैं।
- **आवंटन प्रक्रिया:** आवेदक द्वारा रजिस्ट्रेशन फॉर्म भरते समय **चयनित प्रखंड (Selected Block)** के आधार पर ही परीक्षा केंद्र आवंटित किया जाएगा।

## 9. 🗓️ परीक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी

🗓️ **मार्क करें अपना कैलेंडर:** परीक्षा अंतिम सितंबर तक रविवार के दिन आयोजित होगी।

📍 **परीक्षा केंद्र और समय:** > आपके **एडमिट कार्ड** पर इसकी पूरी जानकारी होगी। कृपया एडमिट कार्ड पर दिए गए सभी निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें।

*तैयार हो जाइये झारखंड की सबसे बड़ी परीक्षा के लिए!*

## 10. उत्तर कुंजी एवं पारदर्शिता (Answer Key & Transparency)

परीक्षा की शुद्धता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए फाउंडेशन निम्नलिखित व्यवस्था करता है:

- **कार्बन कॉपी:** परीक्षा के तुरंत बाद छात्र अपनी **आंसरशीट की 'कार्बन कॉपी'** साथ ले जा सकेंगे।
- **प्रोविजनल आंसर की:** परीक्षा संपन्न होने के **3 दिनों के भीतर** फाउंडेशन की आधिकारिक वेबसाइट **www.stremaxfoundation.org** पर 'प्रोविजनल आंसर की' (Provisional Answer Key) जारी कर दी जाएगी।
- **स्व-मूल्यांकन:** प्रतिभागी अपनी कार्बन कॉपी और वेबसाइट पर जारी आंसर की का मिलान कर स्वयं अपने अंकों का अनुमान लगा सकते हैं।

## 11. 📊 परीक्षा परिणाम एवं पारदर्शिता (Result & Transparency)

स्ट्रीमैक्स फाउंडेशन निष्पक्षता और पूर्ण पारदर्शिता के साथ परीक्षा परिणाम घोषित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

**1. परिणाम की घोषणा (Result Declaration)**

A. **वेबसाइट:** परीक्षा परिणाम फाउंडेशन की आधिकारिक वेबसाइट www.stremaxfoundation.org पर **अक्टूबर के अंतिम सप्ताह** में जारी किया जाएगा।
B. **महत्वपूर्ण जानकारी:** रिजल्ट जारी होने की **सटीक तिथि** और परिणाम **देखने की प्रक्रिया** की विस्तृत जानकारी छात्र के **प्रश्न-पत्र के पिछले कवर पेज** पर मुद्रित (Print) होगी।

**2. चयन का आधार और वरीयता नियम (Merit & Tie-Breaker Rule)**

परिणाम पूरी तरह से मेधा (Merit) पर आधारित होगा। ग्रुप A, B और C का परिणाम अलग-अलग प्रकाशित किया जाएगा। **समान अंक (Tie)** होने की स्थिति में, विजेता का चयन निम्नलिखित प्राथमिकता क्रम (Priority) के आधार पर किया जाएगा:

1. **न्यूनतम त्रुटि (Least Mistakes):** जिस प्रतिभागी ने कम गलत उत्तर दिए होंगे।
2. **कक्षा (Lower Class):** कम कक्षा में पढ़ने वाले प्रतिभागी को प्राथमिकता दी जाएगी।
3. **आयु (Lower Age):** कम उम्र वाले प्रतिभागी को वरीयता मिलेगी।

**3. पारदर्शिता और उत्तर-पुस्तिका अवलोकन (Transparency & Re-checking)**

यदि कोई प्रतिभागी अपने प्राप्त अंकों से संतुष्ट नहीं है, तो वह अपनी उत्तर-पुस्तिका (Answer Sheet) देख सकता है:

C. **प्रक्रिया:** छात्र **₹200 का निर्धारित शुल्क** जमा कर अपनी उत्तर-पुस्तिका के अवलोकन के लिए ऑफलाइन आवेदन कर सकता है।
D. **विश्वास:** हम मूल्यांकन की शुद्धता और छात्र के संतोष को सर्वोपरि मानते हैं।

## 12. प्रतिभागियों के लिए चार स्तर के टॉपर पुरस्कार -

स्ट्रीमैक्स फाउंडेशन ने प्रतिभाओं को सम्मानित करने के लिए **4-स्तरीय पुरस्कार प्रणाली (4-Tier Award System)** तैयार की है। हमारा उद्देश्य है कि हर स्तर पर छात्रों की मेहनत को सराहा जाए।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | 🏅 स्तर 1: संस्थान टॉपर (Institute Level Topper)<br>(संस्थान स्तर पर) | 1. **पात्रता:** प्रत्येक पंजीकृत शिक्षण संस्थान (*कम से कम 40 विद्यार्थी भाग लेने वाले संस्थान School/College/Tuition/Coaching) के **प्रत्येक ग्रुप** के टॉपर।<br>2. **पुरस्कार: 🎒 आकर्षक स्कूल बैग (Attractive School Bag)**<br>3. *उद्देश्य:* छात्रों को अपने ही संस्थान में सबसे बेहतर बनने के लिए प्रेरित करना। |
| 2 | 🏅 स्तर 2: प्रखंड टॉपर (Block Level Topper)<br>(ब्लॉक स्तर पर) | 1. **पात्रता:** प्रत्येक प्रखंड से **प्रत्येक ग्रुप** के टॉपर्स।<br>2. **पुरस्कार: 💰 ₹2,000/- (दो हजार रुपये) की छात्रवृत्ति।**<br>3. **महत्वपूर्ण नियम:** *प्रखंड की गणना छात्र के निवास स्थान से नहीं, बल्कि उस **शिक्षण संस्थान के पते (Location)** से की जाएगी जहाँ से छात्र ने आवेदन किया है।* |
| 3 | 🏅 **स्तर 3: जिला टॉपर (District Level Topper)**<br>(जिला स्तर पर) | 1. **पात्रता:** प्रत्येक जिले से **प्रत्येक ग्रुप** के टॉपर्स।<br>2. **पुरस्कार: 💰 ₹5,000/- (पाँच हजार रुपये) की छात्रवृत्ति**<br>3. **महत्वपूर्ण नियम:** *जिले की गणना छात्र के गृह जिले से नहीं, बल्कि **शिक्षण संस्थान के जिले (Location)** के आधार पर होगी।* |
| 4 | 👑 **स्तर 4: राज्य टॉपर (State Level Topper) -**<br>(झारखंड राज्य स्तर पर) | 1. **पात्रता:** पूरे राज्य स्तर पर **प्रत्येक ग्रुप** में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने वाले छात्र।<br>2. **पुरस्कार: 🏆 ₹1,00,000/- (एक लाख रुपये) की बंपर छात्रवृत्ति**<br>3. *यह वह सम्मान है जो छात्र का और उसके परिवार का जीवन बदल सकता है!* |
| **सांत्वना पुरस्कार -** हम मानते हैं कि हर प्रयास का सम्मान होना चाहिए।<br>परीक्षा में 33% या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले सभी प्रतिभागी को मेडल (Medal) और 📜 प्रशस्ति पत्र (Certificate of Appreciation)। | | |

## 13. संस्थागत उत्कृष्टता पुरस्कार (Institutional Excellence Award)

**पुरस्कार:** शिक्षण संस्थानों ( School/College/Tuition/Coaching) के लिए **कम्प्यूटर सेट (Computer Set)** |

- **पात्रता:** उन संस्थानों को सम्मानित किया जाएगा जिनके छात्र **जिला (District)** या **राज्य (State)** स्तर पर **टॉपर (Topper)** बनेंगे।
- **उद्देश्य:** आपके संस्थान में आधुनिक शिक्षा और **डिजिटल साक्षरता (Digital Literacy)** को बढ़ावा देना। आपके सहयोग से संस्थान में कंप्यूटर शिक्षा के ढांचे को मजबूत बनाना।

## 14. भव्य पुरस्कार वितरण समारोह (Grand Award Ceremony) 2026 🏆

मेधावी छात्रों की मेहनत और उनकी सफलता का जश्न मनाने के लिए नवम्बर माह में एक भव्य राज्य-स्तरीय समारोह का आयोजन किया जाएगा।

- सम्मान: विभिन्न स्तरों पर टॉप करने वाले प्रतिभागियों को मंच पर पुरस्कृत किया जाएगा।
- सूचना: समारोह के निश्चित स्थान (Venue), दिनांक और समय की घोषणा परीक्षा परिणाम (Result) के साथ ही की जाएगी।

  *"सफलता का जश्न, स्ट्रेमैक्स के संग!"*

# 15. 📞 संपर्क सूत्र एवं सहायता केंद्र (Helpline)

किसी भी सहायता या जानकारी के लिए हमें संपर्क करें:

- **फ़ोन कॉल:** 📞 9525918072
- **व्हाट्सएप:** ✅ 9525918072
- **ईमेल:** 📧 stremaxfoundation01@gmail.com
- **वेबसाइट:** 🌐 www.stremaxfoundation.org

सोशल मीडिया पर हमसे जुड़ें (Follow Us): 🔍 Stremax Foundation (यूट्यूब | फेसबुक | इंस्टाग्राम)


HDFC BANK
1,00000




HDFC BANK
अंश राज
100,000






फाउंडेशन






प्रभात खबर
रांची, सोमवार 15.04.2024 | 02

एस्ट्रो गाइड
नक्षत्र : पुनर्वसु नक्षत्र अहोरात्र
पक्ष : शुक्ल, मास- चैत्र, विक्रम संवत-2081, शक संवत-1946
बंगला : तारीख-2, दिन-सोमवार, मास-वैशाख, बंगाब्द-1431.
- एनके बेरा

आज सूर्यास्त 06:10 बजे | कल सूर्योदय 05:27 बजे | prabhatkhabar.com

स्ट्रेमैक्स फाउंडेशन की ओर से आयोजित परीक्षा में चार हजार प्रतिभागी हुए शामिल

# तीन जिले के 21 प्रखंडों में हुई ज्ञान प्रतियोगिता

प्रतिनिधि, हजारीबाग

- लैपटॉप, एंड्रॉयड मोबाइल, डिजिटल वॉच, बैग, मेडल और प्रशस्ति पत्र के साथ 1500 अभ्यर्थी होंगे पुरस्कृत

डॉ बाबा साहेब की जयंती पर स्ट्रेमैक्स फाउंडेशन हजारीबाग की ओर से डॉ बीआर अंबेडकर ज्ञान प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन किया गया. इसमें हजारीबाग, चतरा और कोडरमा के 21 प्रखंडों में परीक्षा केंद्र बनाया गया था. फाउंडेशन के अध्यक्ष व मुख्य परीक्षा नियंत्रक बिपिन कुमार व संस्थापक पिन्टू प्रसाद ने बताया कि इस प्रतियोगिता में हजारीबाग, चतरा और कोडरमा जिले के कक्षा तीन से 12वीं में अध्ययनरत चार हजार से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया. ग्रुप ए में वर्ग तीन से पांच, ग्रुप बी में छह से आठ और ग्रुप सी में वर्ग नवम से बारहवीं तक के विद्यार्थी शामिल हुए. सभी ग्रुपों की परीक्षा अलग-अलग हुई. रिजल्ट भी अलग प्रकाशित किया जायेगा. प्रत्येक ग्रुप में प्रथम रैंक विजेता को लैपटॉप, द्वितीय को टैब, तृतीय को एंड्रायड मोबाइल, चतुर्थ को बैग व रैंक छह से पांच सौ के बीच आने वाले सभी अभ्यर्थियों को मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जायेगा. उप परीक्षा नियंत्रक कुमार रवि एवं प्रतिभा कुमारी ने बताया कि परीक्षा में हिंदी, अंग्रेजी सामान्य ज्ञान और डॉ अंबेडकर से जुड़े सौ प्रश्न शामिल थे. परीक्षा को सफल बनाने में उमेश कुमार रवि, सूरज कुमार, सत्यम कुमार, विशाल कुमार, अमित कुमार राणा, मनीष शर्मा, नंदकिशोर वर्मा, अरुण कुमार, संजय गोस्वामी, उमेश कुमार, मनीषा कुमारी, विक्रम कुमार, रोहित कुमार, मनीषा कुमारी, पुरुषोत्तम कुमार, केशा टिर्की, सुजीत कुमार, शुभम कुमार एवं अमित कुमार ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी.

परीक्षा में शामिल प्रतिभागी.

## मैट्रिक-इंटर की कॉपी जांच का काम पूरा

हजारीबाग. जिले में मैट्रिक व इंटरमीडिएट वार्षिक परीक्षा की कॉपी जांच का काम पूरा किया गया. जांच हुई कॉपी को झारखंड अधिविद्य परिषद (जैक) भेजा गया. मैट्रिक व इंटर कॉपी की जांच एक साथ शहरी क्षेत्र के छह केंद्रों (स्कूल परिसर) में मार्च के प्रथम सप्ताह में शुरू की गयी थी. मैट्रिक के लिए संत रॉबर्ट हाई स्कूल, संत कोलंबिया हाई स्कूल, अन्नदा हाई स्कूल को कॉपी जांच केंद्र बनाया गया था. वहीं, इंटरमीडिएट के लिए एसकेबी हाई स्कूल, बिहारी गर्ल्स हाई स्कूल व हिंदू प्लस टू हाई में शिक्षकों ने कॉपी जांच कार्य पूरा किया. कॉपी जांच कार्य को बेहतर ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी केंद्रों पर जिला प्रशासन की ओर से पुलिस सुरक्षा व्यवस्था के अलावा एक-एक दंडाधिकारी की नियुक्ति की गयी थी.
























दैनिक भास्कर हजारीबाग 09-06-2025

# प्रतियोगिता परीक्षा के विजेताओं को मिली एक लाख की छात्रवृत्ति, लैपटॉप और टैब

भास्कर न्यूज | हजारीबाग

शिक्षा को समर्पित आस्था स्ट्रेमैक्स फाउंडेशन हजारीबाग ने पैराडाइस रिसॉर्ट में पुरस्कार वितरण सह सम्मान समारोह का आयोजन किया। इसमें हजारीबाग और चतरा जिले के 1032 अव्वल प्रतिभागियों में से दो को एक लाख की छात्रवृत्ति और लैपटॉप, दस को टैब, दस को एंड्राइड मोबाइल, दस को बैग एवं हजार प्रतिभागियों को मेडल और प्रशस्ति पत्र दिया गया। फाउंडेशन के संस्थापक और निदेशक बिपिन कुमार और उपस्थित अतिथियों विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया।

फाउंडेशन ने 18 मई को हजारीबाग और चतरा जिले के तेरह विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर बीआर अंबेडकर ज्ञान प्रतियोगिता परीक्षा आयोजित किया था। प्रतियोगिता परीक्षा में वर्ग छः से बारहवीं में अध्ययनरत दो ग्रुपों में तीन हजार विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। इसमें अव्वल हजार से अधिक प्रतिभागियों को पुरस्कृत करने के लिए समारोह आयोजित किया गया था।

समारोह के मुख्य अतिथि फाउंडेशन के संस्थापक बिपिन कुमार की माता लक्ष्मी देवी एवं पिता रामनाथ महतो ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक दीपेंद्र कुमार दीप एवं जितेंद्र कुमार ने किया। उपस्थित पचास से अधिक अतिथियों को फाउंडेशन के संस्थापक बिपिन कुमार ने पौधा देकर स्वागत किया। समारोह को संबोधित करते हुए बिपिन कुमार ने कहा कि हम और हमारा फाउंडेशन विद्यार्थियों और शिक्षा के प्रति समर्पित है। कक्षा छः से ही बच्चों में प्रतियोगिता एवं प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित हो इस उद्देश्य से हरेक साल यह प्रतियोगिता परीक्षा आयोजित की जा रही है।

**इनको मिला पुरस्कार :** दो प्रतिभागी को एक लाख की छात्रवृत्ति और लैपटॉप दिया गया, जिनमें इंदिरा गांधी मेमोरियल पब्लिक स्कूल मेढ़ई के संस्कार कुमार मेहता, आर्मी पब्लिक स्कूल दीपाटोली, रांची के अंश राज शामिल थे। जिन 10विद्यार्थियों को टैब दिया गया उनमें मोंटफोर्ट स्कूल हजारीबाग की सपना कुमारी, लॉर्ड कृष्णा स्कूल के विवेक आनंद पटेल, डीएवी पब्लिक स्कूल की सुमित्रा कुमारी, इंटर साइंस कॉलेज हजारीबाग के दीपांशु कुमार, मिरर ऑफ द सोसाइटी की निशा कुमारी, होली विद्यार्जन स्कूल पदमा के प्रियांशु कुमार, क्रिएटिव हाई स्कूल टाटीझरिया के विक्की कुमार साव, गुरुकुल आवासीय विद्यालय इटखोरी के आयुष कुमार, दिलीप सेंट्रल एकेडमी मंडू के करन कुमार, और एस. पॉल एकेडमी गोविंदपुर के प्रवीण कुमार कुमार शामिल थे। इनके अलावा 10 प्रतिभागियों को एंड्रॉयड मोबाइल प्रदान किया गया।

विजेता को पुरस्कृत करते संस्था के अध्यक्ष।